an>

Title: The Speaker on behalf of the House, paid homage to the martyrs of Kargil war on the 22nd Anniversary of the Kargil Vijay.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, जैसा कि आप जानते हैं, आज हम भारतीय सशस्त्र बलों के पराक्रम और बलिदान की याद में कारगिल विजय की 22वीं वर्षगांठ मना रहे हैं । इस अवसर पर यह सभा भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस और उनकी वीरता का अभिनन्दन करती है, जिन्होंने कारगिल युद्ध जीतने के लिए अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करते हुए, दुर्गम बाधाओं, प्रतिकूल क्षेत्र और मौसम तथा ऊँचाई पर स्थित दुश्मनों पर काबू पाया ।

राष्ट्र उन सभी शहीदों का कृतज्ञ है, जिन्होंने इस निमित्त अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया । आज के दिन हम उन शहीदों के परिवारों के प्रति भी अपना अत्यधिक आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया ।

यह सभा उन सभी वीरों की याद में, जो अपने राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान के लिए शहीद हो गए हैं, थोड़ी देर के लिए मौन खड़ी रहकर उनके प्रति अपना सम्मान प्रकट करेगी ।

The Members then stood in silence for a short while.

… (व्यवधान)

श्री मनीश तिवारी (आनंदपुर साहिब): माननीय अध्यक्ष जी, प्रधानमंत्री जी सदन में नहीं हैं ।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मुझे आपको सूचित करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है ।

... (<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष : मनीश जी, मुझे ओलम्पिक्स के बारे में कुछ कहना है ।

... (<u>व्यवधान</u>)

-